Publication: Dainik Bhaskar	Pg No: 1
Edition – Print	Date – 04.10.2021

अवॉर्ड के लिए डॉ. शुचिन बजाज का चयन

नई दिल्ली। श्वाब फाउंडेशन और जुबिलैंट भारतिया फाउंडेशन ने 'सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ़ द इयर' अवार्ड - इंडिया 2021 के लिए चार बेहद प्रभावशाली सामाजिक उद्यमियों को बतौर फाइनलिस्ट नामित किया जिनमे दिल्ली से उजाला सिग्नस हेल्थकेयर सर्विसेज के डॉ. शुचिन बजाज का नाम फाइनलिस्ट के तौर पर नामित हुआ है। उल्लेखनीय है डॉ. उजाला सिग्नस हेल्थकेयर सर्विसेज की स्थापना अत्यधिक गरीबी में रह लोगों की स्वास्थ्यसेवा को ध्यान में रखते हुए की गई थी। इसका लक्ष्य किफायती कीमतों में जनसाधारण को वैश्विक मानदंड की स्वास्थ्यसेवा प्रदान करना है. इस लक्ष्य के लिए यह भारत के टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिए सुपर-स्पेशिलिटी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं की कायापलट कर रहा है। इसके अतिरिक्त यह समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मुफ्त दवाएँ सुनिश्चित करता है तथा औषधियों, परामर्श तथा ऑपरेशन में छूट प्रदान करता है। उजाला सिग्नस स्वास्थ्य के विभिन पहलुओं पर समुदायों को जागरूक भी बनाता है और जनमानस के स्वास्थ्य स्तर को ऊंचा उठाने में योगदान करता है। इसके अलावा स्वास्थ्य देखभाल विशेषज्ञ डॉक्टरों के माधयम से अन्य चिकित्सकों के लिए सीएमई कंटीन्यूअस मेडिकल एजुकेशन कार्यक्रम संचालित करता है। इस कार्यक्रम के तहत अभी तक 4,000 से अधिक सत्र संचालित हो चुके हैं तथा 50,000 से अधिक चिकित्सकों से सम्पर्क किया जा चुका है।